बिहार सरकार

गृह विभाग (आरक्षी शाखा)

केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती), बिहार

(वेबसाइट –https://csbc.bihar.gov.in)

संदर्भ : विज्ञापन संख्या 02/2026

विषय : लिखित परीक्षा की तिथि में परिवर्तन

केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) का ज्ञापांक 26/के0च0प0 (सू0) दिनांक 20.05.2026 के माध्यम से दिनांक 21.06.2026 को आयोजित होने वाली विज्ञापन संख्या 02/2026 के तहत ‘‘बिहार पुलिस दूरसंचार (वितंतु) एवं तकनीकी अराजपत्रित संवर्ग’’ में ‘सिपाही (प्रचालक)’ के 993 पदों पर चयन हेतु लिखित परीक्षा एवं ई–प्रवेश पत्र संबंधी सूचना पर्षद की वेबसाइट पर प्रकाशित की गयी थी।

2. राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (NTA) द्वारा आयोजित NEET (UG) 2026 की स्थगित परीक्षा पुनः दिनांक 21.06.2026 को आयोजित होने के कारण सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा को ध्यान में रखते हुए अभ्यर्थियों के व्यापक हित में विज्ञापन संख्या 02/2026 की लिखित परीक्षा अब निम्नांकित समयसारणीनुसार आयोजित की जायेगी –

परीक्षा की तिथि	पाली	परीक्षा अवधि (दो घंटे)	अभ्यर्थियों का रिपोर्टिंग टाईम
28.06.2026 (रविवार)	एकल पाली	**12:00** बजे मध्याह्न से **14:00** बजे अपराह्न	10:00 बजे पूर्वाह्न से 11:00 बजे पूर्वाह्न तक

4. **<u>प्रवेश–पत्र संबंधी निर्देश</u>** – (i) इस परीक्षा में अभ्यर्थियों को प्रवेश पर्षद द्वारा निर्गत e-Admit Card के आधार पर दिया जाएगा। **बिना प्रवेश–पत्र के परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।**

(ii) अभ्यर्थी दिनांक 15.06.2026 से पर्षद की वेबसाईट https://csbc. bihar. gov.in पर अपने रजिस्ट्रेशन नम्बर अथवा आवेदन के साथ रजिस्टर्ड मोबाईल नम्बर तथा जन्म तिथि प्रविष्ट कर परीक्षा की तिथि एवं परीक्षा केन्द्र के जिला की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

(iii) **<u>ई–प्रवेश–पत्र डाउनलोड</u>** – अभ्यर्थी निम्न समयसारणीनुसार अपने प्रवेश–पत्र डाउनलोड कर सकते हैं –

परीक्षा की तिथि	प्रवेश–पत्र डाउनलोड करने की तिथि एवं समय	
	प्रारम्भ	समाप्ति
28.06.2026 (रविवार)	22.06.2026 समय 00:00 बजे	28.06.2026 समय 11:00 बजे पूर्वाह्न

(iv) **<u>डुप्लीकेट ई–प्रवेश–पत्र</u>** – जो अभ्यर्थी किसी कारणवश वेबसाइट से ई–प्रवेश–पत्र डाउनलोड नहीं कर सकें, वे निम्नांकित कार्यक्रमानुसार केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती)

के बैक हार्डिंग रोड (सचिवालय हाल्ट के निकट), पटना 800001 स्थित कार्यालय से डुप्लीकेट ई–प्रवेश–पत्र प्राप्त कर सकते हैं–

परीक्षा की तिथि	डुप्लीकेट ई–प्रवेश–पत्र प्राप्त करने की तिथि (प्रातः 10:00 बजे पूर्वाह्न से 17:00 बजे अपराह्न तक)
28.06.2026 (रविवार)	26.06.2026

अभ्यर्थी अपने आवेदन–पत्र की पावती की छाया प्रति एवं एक वैध फोटोयुक्त पहचान–पत्र के साथ केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) के उपर्युक्त कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर अपने खर्च पर डुप्लीकेट ई–प्रवेश–पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

शेष सूचनाएँ दिनांक 20.05.2026 को प्रकाशित सूचनानुसार यथावत् रहेंगी।

ह0/–

अध्यक्ष

केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती)

बिहार

ज्ञापांक 27/के0च0प0(सू0)

संचिका संख्या –08/के0च0प0 (परीक्षा शाखा) 28/2025

केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती), बिहार

05, हार्डिंग रोड, पटना 800001

दिनांक 26/05/2026